Bharat Mitra, Kolkata, September 04, 2010

टीसीएस आईटी विज 2010:प्रतिभागियों ने प्रतिभा का लोहा मनवाया

कोलकाता, 3 सितंबर। टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) की ओर से शुक्रवार को कलामंदिर, 48, सेक्सपियर सरणी, सर्कस एवेन्यू, कोलकाता में आयोजित टीसीएस आईटी विज 2010 में भारी तादाद में स्कूली छात्रों ने हिस्सा लिया। देश में स्कूलों के लिए सबसे बड़े टेक्निकल क्वीज में विभिन्न स्कूलों से लगभग 1100 छात्रों ने भाग लिया। क्वीज के दौरान विभिन्न चरणों से गुजरते हुए डब्ल्यूडब्ल्यूए काशीपुर इंग्लिश स्कूल के सायान्तन भट्टाचार्य व देवार्घया बोस ने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए खिताब हासिल किया। दोनों को विनर ट्राफी के साथ एक-एक थिंकपैड लेनोवो लैपटॉप भी प्रदान किया गया।

दूसरी ओर लोयोला जमशेदपुर के अविरल दासगुप्ता व एस.एन.आदित्य मूर्ती उपविजेता रहे। रनर्स अप ट्राफी के साथ उन्हें थिंकपैड नेटबुक प्रदान किया गया।

कोलकाता के कला मंदिर में शुक्रवार को आयोजित 'टीसीएस आईटी विज 2010' के विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी प्रदान करते आईटी मंत्री देवेश दास

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य के आईटी मंत्री डॉ.देवेश दास ने टीसीएस कोलकाता ऑपरेशन के मुख्य श्रीधर बक्शी के साथ विजयी व उपविजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप ट्राफी प्रदान की। विजेता प्रतिभागी आगामी दिसंबर माह में होने वाले नेशनल फाइनल में कोलकाता की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे।